>

Title: Need to set up a laboratory test centre for detection of Congo fever in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं। भारत में पहली बार किमियन कांगो हैमोरेजिक फीवर पाया गया है। अहमदाबाद जिले में कोलाट गांव, साणंद तालुका में कॉंगो बुखार की शुरूआत हुई। यह बुखार मध्य तथा दक्षिण अफ्रीका से आने का अनुमान है। यह बुखार जानवरों के माध्यम से आता है व छूत से फैलता है। गुजरात सरकार ने इसके लिए पुख्ता उपाय किए हैं एवं कर रही है। मुख्य समस्या यह है कि इस रोग के परीक्षण हेतु कोई सुविधा नहीं है, अतः सैम्पल एन.आई.वी. पुणे को भेजने पड़ते हैं। समय के दरम्यान परिणाम आने के पहले मृत्यु की संभावना होती है। तीन व्यक्ति जिनमें एक मरीज, उसकी देखभाल करने वाला डॉक्टर व नर्स की भी मृत्यु अहमदाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में हुई है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि इस रोग के लिए गुजरात को एक प्रयोग परीक्षण केंद्र उपलब्ध कराए। इस रोग की रोकथाम के लिए कोई भी दवाईयां उपलब्ध नहीं हैं। मेरा नम्र निवेदन है कि भारत की 70 प्रतिशत आबादी देहातों में स्थित है और जिनका मुख्य जीवन निर्धारण करने का एक ही मार्ग कृषि और पशुपालन है। कृपया सरकार इस मामले में सावधानी से सक्षम कदम उठाए। धन्यवाद।